RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार 24 नवंबर 2024 | वर्ष 06 | अंक 225 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

महाराष्ट्र महायुति नेता मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार पर फैसला करेंगे : शिंदे




Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# माहिम से चुनाव हारे राज ठाकरे के बेटे अमित...

सिर्फ 33,062 वोट मिले... !



**महाराष्ट्र** : महाराष्ट्र की माहिम विधानसभा सीट के नतीजे सामने आ चुके हैं। इस सीट पर राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे को हार का सामना करना पड़ा है। वो इस चुनाव में तीसरे स्थान पर रहे। अमित ठाकरे को सिर्फ 33,062 वोट मिले। इस सीट पर शिवसेना यूबीटी के महेश बलिराम सावंत ने जीत हासिल की। सावंत को 50,213 वोट मिले। उन्होंने शिवसेना के सदा सरवणकर को 1,316 वोटों से हराया। सरवाणकर को इस चुनाव में 48,897 वोट मिले।

**माहिम सीट पर किसका रहा दबदबा**

माहिम सीट पर कांग्रेस, पीएसपी, मनसे और शिवसेना के नेताओं को जीत हासिल होती रही है। इस सीट पर सबसे ज्यादा छह बार शिवसेना को जीत हासिल हुई है। 2019 के चुनाव में शिवसेना के सदा सरवणकर यहां से विधायक बने। वह 2014 में भी यहां से जीत चुके हैं। शिवसेना के कद्दावर नेता सुरेश गंभीर सबसे ज्यादा 4 बार लगातार विधायक बनने वाले इकलौते नेता हैं।

**2019 के चुनाव परिणाम**

2019 में हुए विधानसभा चुनाव में यहां शिवसेना ने जीत हासिल की थी। शिवसेना की विजय सरवणकर ने यहां लगातार दूसरी बार जीत हासिल की थी। उन्हें इस चुनाव में कुल 61,337 वोट हासिल हुए थे। दूसरे नंबर पर यहा मनसे संदीप सुधाकर देशपांडे रहे थे। देशपांडे को कुल 44,690 वोट पडे थे। तीसरे नंबर पर कांग्रेस प्रवीण नाइक रहे थे जिन्हें सिर्फ 15226 वोट हासिल हुए थे।

# इसीलिए इतनी बुरी तरह से हार गया MVA - फडणवीस

## मराठी लोगों को पसंद नहीं आयी ये हरकत...



**नागपुर** : महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि विपक्षी महा विकास आघाड़ी गठबंधन के नेताओं ने उन्हें और उनकी पार्टी को व्यक्तिगत रूप से निशाना बनाया, जो राज्य के लोगों को पसंद नहीं आया। इसीलिए कांग्रेस की अगुवाई वाले महा विकास आघाड़ी को करारी हार का सामना करना पड़ा है। भाजपा नेता और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ने कहा कि लोगों की प्रतिक्रिया के परिणामस्वरूप राज्य विधानसभा चुनावों में विपक्ष को करारी हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जनता पार्टी ने कम से कम 130 सीट जीतकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। फडणवीस ने नागपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर एक बार फिर कब्जा जमाया और इस सीट पर 39 हजार से ज्यादा मतों के अंतर से जीत हासिल की। उन्होंने कहा, ''महाराष्ट्र के बाकी हिस्सों के साथ-साथ विदर्भ क्षेत्र और नागपुर जिले के लोगों ने भी महायुति गठबंधन को भरपूर आशीर्वाद दिया। जो लोग कह रहे थे कि विदर्भ और नागपुर में हमें पानीपत जैसी हार का सामना करना पड़ेगा, वे खुद ही 'पानीपत' की स्थिति में पहुंच गए हैं।''

कांग्रेस के प्रमुख नेताओं की हार के बारे में पूछे गए सवाल पर फडणवीस ने कहा कि यह मतदाताओं की प्रतिक्रिया है। उन्होंने कहा, ''जिस तरह से उन्होंने मुझे और मेरे परिवार को व्यक्तिगत रूप से निशाना बनाया, साथ ही भाजपा और महायुति गठबंधन को निशाना बनाया, उन्होंने हमें अलग-थलग कर निशाना बनाया, उन्होंने (प्रधानमंत्री) मोदी जी को निशाना बनाया... लोगों को यह पसंद नहीं आया और उन्होंने उनकी अपमानजनक भाषा पर प्रतिक्रिया व्यक्त की।''


# लूट की शिकार बनी 41 वर्षीय महिला...

**विरार** : विरार पुलिस स्टेशन क्षेत्र में दिन दहाड़ एक 41 वर्षीय महिला लूट की शिकार बन गई है। इस संबध में विरार पुलिस ने दो अज्ञात लुटेरों पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, जयश्री शिगवण (41), निवासी-नारंगी, विरार पूर्व में रहती है।

बताया गया है कि, 21 नवंबर को, जयश्री ने बैंक ऑफ इंडिया, गणपति मंदिर, साईनाथनगर, विरार पूर्व से खाते से पैसे निकाली और पैदल घर जा रही थी, तकरीबन सुबह 11:15 बजे के आसपास विरार पूर्व के नारंगी रोड स्थित जयश्री के समाने एक दुपहिया मोटर साईकिल से काले रंग से हेलमेट पहने दो अज्ञात शख्स आए और अचानक जयश्री का हाथ से थैली जबरन छीनकर मोटर साईकिल से फरार हो गए। जयश्री ने अपनी शिकायत में विरार पुलिस को बताई है कि, अज्ञात लुटेरे ने 30 हजार रुपये नकद और एक मोबाइल लेकर गए हैं।

# ट्रेन में सीट को लेकर हुआ झगड़ा!

## लड़के ने चाकू से गोदकर मार डाला; मच गया हड़कंप




**मुंबई** : घाटकोपर स्टेशन पर लोकल ट्रेन में सीट को लेकर हुए झगड़े में हत्या का मामला सामने आया है। टिटवाला निवासी 16 वर्षीय लड़के पर 35 साल के व्यक्ति पर चाकू से हमला करने का आरोप है, जिससे उसकी मौत हो गई। यह घटना 15 नवंबर की है और मृतक की पहचान अंकुश भालेराव व के तौर र हुई है। बताया पर जा रहा है कि ट्रेन में चढ़ने के बाद यात्रा के दौरान किशोर से उनकी तीखी बहस हुई। वह लड़का चाकू लिए हुआ था और उसी से हमला कर दिया। हाथापाई के दौरान मृतक ने एक तस्वीर खींची थी जिसके आधार पर पुलिस को आरोपी को पकड़ने में मदद मिली। सरकारी रेलवे पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (STF) ने स्टेशन पर लगे सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की। इस तरह आरोपी का पता लगाया गया और हत्या के 2 दिन बाद उसे टिटवाला से पकड़ लिया गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के बड़े भाई 25 वर्षीय मोहम्मद सनाउल्लाह को भी गिरफ्तार किया है। उस पर अपने भाई का चाकू छिपाने और उसे पकड़ने से बचाने में मदद करने का आरोप है। बताया जा रहा है कि आरोपी और मृतक दोनों टिटवाला के रहने वाले हैं। 14 नवंबर को दोनों के बीच ट्रेन की सीट को लेकर झगड़ा हुआ था। रिपोर्ट के मुताबिक, मुताबिक, अंकुश भालेराव और उसके 2 दोस्तों ने झगड़े के दौरान नाबालिग के साथ मारपीट की थी। इस दौरान लड़के ने भालेराव को जान से मारने की धमकी दी। इसके अगले दिन आरोपी टिटवाला से एक ट्रेन में चढ़ा और घाटकोपर स्टेशन पर उतर गया। यहां पहुंचकर वह भालेराव के आने का इंतजार करने लगा।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# कांग्रेस पर फिर भारी पड़ी भाजपा

भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में शानदार जीत हासिल कर सत्ता अपने पास बरकरार रखी। महाराष्ट्र जैसे राजनीतिक और आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण राज्य में भाजपा गठबंधन की जीत उसका मनोबल बढ़ाने वाली है। महाराष्ट्र में भाजपा के साथ उसके सहयोगी दलों शिवसेना (शिंदे) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी यानी एनसीपी (अजीत पवार) ने अपेक्षा से अधिक बेहतर प्रदर्शन किया। विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत इसलिए उल्लेखनीय है, क्योंकि कुछ माह पहले हुए लोकसभा चुनावों में उसका प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। लोकसभा चुनाव में उसके सहयोगी दल और विशेष रूप से अजीत पवार की एनसीपी को भी झटका लगा था। महाराष्ट्र के पहले भाजपा ने हरियाणा में भी जीत हासिल की थी और वह भी तब, जब कांग्रेस के लिए स्थितियां अनुकूल थीं। साफ है कि भाजपा फिर कांग्रेस पर भारी पड़ी।

महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में भाजपा के निराशाजनक प्रदर्शन के लिए एक कारण यह माना गया था कि राज्य की जनता को अजीत पवार का भाजपा गठबंधन के साथ आना रास नहीं आया, जिन्हें एकनाथ शिंदे सरकार में उपमुख्यमंत्री बनाया गया था। लोकसभा चुनाव में भाजपा को इस प्रचार का नुकसान उठाना पड़ा था कि उसने सत्ता के लिए पहले शिवसेना में तोड़फोड़ कराई और फिर एनसीपी में। लगता है कि इसे भांपकर महायुति यानी भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजीत पवार) के नेताओं ने इसके लिए विशेष प्रयत्न किए कि गठबंधन में सामंजस्य नजर आए। चुनाव नतीजे बता रहे हैं कि इन तीनों दलों के नेता एकजुटता का प्रदर्शन करने और जनता का भरोसा जीतने में सफल रहे। यह काम महाराष्ट्र विकास आघाड़ी के नेता नहीं कर सके। उनमें एक तो सीटों को लेकर खींचतान जारी रही और दूसरे आपसी विश्वास की कमी भी दिखती रही। कारणवश विधानसभा चुनावों में तीनों दलों-कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार) और शिवसेना (उद्धव ठाकरे) को नुकसान उठाना पड़ा। शिवसेना (उद्धव ठाकरे) को इसलिए भी नुकसान उठाना पड़ा, क्योंकि वह एक बेमेल गठबंधन का हिस्सा नजर आ रही थी। लगता है लोगों को यह रास नहीं आया कि जो शिवसेना सदैव कांग्रेस और एनसीपी के खिलाफ खड़ी रही, वह उन्हीं के पाले में चली गई। शिवसेना अपनी दयनीय स्थिति के लिए अन्य किसी को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकती।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 99877 75650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई में 10 बड़े प्रॉपर्टी टैक्स बकाएदारों का 222 करोड़ बकाया...

## बीएमसी का जब्ती नोटिस, नीलाम होगी संपत्ति!

**मुंबई :** बीएमसी ने निर्धारित समय सीमा के भीतर बकाया प्रॉपर्टी टैक्स नहीं भरने वालों को धारा 203 के तहत जब्ती नोटिस जारी किया है। यदि निर्धारित समय में प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान नहीं किया जाता है, तो उक्त संपत्ति को बीएमसी जब्त कर नीलाम करेगी। बकाएदारों को जारी नोटिस में बीएमसी ने स्पष्ट किया है कि यदि प्रॉपर्टी जब्त करने के बाद भी बकाएदारों से कर वसूली नहीं हुई, तो धारा 206 के तहत संपत्ति नीलाम कर दी जाएगी। बीएमसी ने लगातार दूसरे दिन मुंबई में 10 बड़े प्रॉपर्टी टैक्स बकाएदारों की सूची जारी की है। इन बकाएदारों पर 222 करोड़ रुपये बकाया है। प्रॉपर्टी टैक्स बीएमसी की आय का प्रमुख स्रोत है। प्रॉपर्टी टैक्स की नोटिस मिलने के बाद 90 दिनों के भीतर टैक्स भरना होता है। इस अवधि में टैक्स न भरने वालों के खिलाफ बीएमसी चरणबद्ध तरीके से कार्रवाई करती है।



**बीएमसी का अंतिम नोटिस**

प्रॉपर्टी टैक्स न भरने वालों को बीएमसी डिमांड लेटर जारी करती है, इसके बाद बकाएदारों को 21 दिन का अंतिम नोटिस दी जाती है। आखिरकार, बकाएदारों की संपत्ति जब्त करने, नीलामी आदि की कार्रवाई की जाती है। नागरिकों को टैक्स जमा करने में असुविधा न हो, इसके लिए ऑनलाइन सुविधा पर उपलब्ध है। बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि कुछ बड़े बकाएदारों के टैक्स नहीं चुकाने और समय-समय पर नोटिस का जवाब नहीं देने के कारण उन्हें जब्ती नोटिस जारी किया गया है। इसमें बकाया राशि के साथ जुमार्ना राशि भी शामिल है। इसके बाद बीएमसी के प्रावधानों के अनुसार नीलामी की प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। इससे बचने के लिए बकाएदारों को तुरंत टैक्स का भुगतान कर देना चाहिए।

**कैसे होती है प्रॉपर्टी नीलामी?**

बीएमसी अधिकारी ने बताया कि नीलामी से पहले कई तरह की कानूनी प्रक्रिया पूरी करनी पड़ती है। नीलामी प्रक्रिया के पहले चरण में जिन प्रॉपर्टी को नीलाम करना होता है, उनकी नीलामी के लिए सर्च रिपोर्ट, वैल्यूएशन, ऑक्शन और एसेट ट्रेसिंग के टेंडर जारी किए जाते हैं। यह काम पूरा होने बाद नीलामी प्रक्रिया को बीएमसी के पोर्टल पर डाला जाता है, फिर प्रॉपर्टी की नीलामी होती है।

# मनपा का पैसा लेने के लिए बैंकों में होने लगी बोली

## ब्याज से मनपा कमाएगी 150 करोड रुपए





**मुंबई :** मनपा प्रशासन ने पिछले कुछ सालो से प्रोजेक्ट पर जोर दिया है। मनपा इस समय मुंबई में लगभग दो लाख करोड़ का प्रोजेक्ट कर रही है, जि ससे मनपा की तिजोरी पर असर तो पड़ा ही है इसके अलावा मनपा का बैंको में रखा फिक्स डिपॉजिट पर भी असर पड़ा है।

मनपा ने इसी समस्या से निपटने के लिए अपने कुछ भूखंड लंबे समय के लिए भाड़े पर देने का निणर्य लिया है, जिससे मनपा की कमाई होगी। मनपा प्रशासन ने इसी तरह बैंकों में फिक्स डिपॉजिट पर रखने वाले पैसों से अधिक कमाई करने के लिए अब ऑनलाइन का सहारा लिया है। मनपा का कहना है कि मनपा के पास पैसों की जानकारी देकर जो सर्वाधिक व्याज देगा उस बैंक को मनपा अपना पैसा देगी। मनपा का कहना है कि इससे मनपा की तिजोरी में लगभग 150 करोड़ रुपए जमा होंगे। मनपा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि बैंकों में जमा होने वाला फिक्स डिपॉजिट को लेकर अधिकतम कमाई करने के लिए ऑनलाइन का सहारा लिया है। मनपा सभी बैंकों को ऑनला इन यह जानकारी देती है कि उनके पास पैसा है जिसे बैंको में फिक्स डिपॉजिट में जमा करना है।

मनपा के पैसे को लेने के लिए अब बैंक बोली लगाने लगी है। मनपा का कहना है कि इससे मनपा को अब तक 82 करोड़ का फायदा हुआ है। मनपा अगले एक साल में फिक्स डिपॉजिट से और 150 करोड़ की बढ़ोत्तरी होने की जानकारी दी है। मनपा अभी तक तीन मुख्य बैंकों में अपने पैसे जमा करती थी। मनपा ने अब बैंकों में फिक्स जमा करने के लिए ऑनलाइन का सहारा लेने लगी है, जिससे मनपा की तिजोरी में बढ़ोत्तरी होने लगी है।

# भिवंडी : आयुक्त और अधिकारी बर्खास्त होंगे या बचेंगे ?

## भिवंडी में फेरीवाले की मौत पर बवाल... आयोग ने मांगा जवाब



**भिवंडी :** भिवंडी में अवैध इमारत निर्माण के दौरान ट्रॉली गिरने से कपड़ा फेरीवाले अकबर बजीर सैय्यद की दर्दनाक मौत के बाद पूरे शहर में हड़कंप मच गया है। इस मामले में मानवाधिकार आयोग ने कड़ा रुख अपनाते हुए मनपा आयुक्त अजय वैद्य और नियंत्रण अधिकारी सुदाम जाधव से जवाब तलब किया है। मामला इतना गंभीर हो गया है कि अब आयुक्त और अधिकारियों के निलंबन की मांग उठने लगी है। 21 अक्टूबर को शास्त्री नगर में एक अवैध तीन मंजिला इमारत निर्माण के दौरान ट्रॉली गिरने से अकबर सैय्यद की जान चली गई।

इस हादसे को आयोग ने प्रशासनिक लापरवाही का सीधा परिणाम बताया है। सुमोटो याचिका (KKT/Suo Moto 5996/13/30/2024) No- में आयोग ने साफ तौर पर कहा, ''यह मामला अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध निर्माण को बढ़ावा देने और अपने कर्तव्यों की अनदेखी का है।'' शिकायतकर्ता परमेश्वर संपतराव अंभोरे ने राज्य के अतिरिक्त मुख्य सचिव को पत्र लिखकर आयुक्त अजय वैद्य और सुदाम जाधव पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पिछले दो वर्षों में 385 अवैध इमारतें खड़ी कर दी गईं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।''

# मुंबई: 125 करोड़ के संदिग्ध लेनदेन के मामले में एक गिरफ्तार...



**मुंबईः** मालेगांव बैंक में 125 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेनदेन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने अकरम मोहम्मद शफी को अहमदाबाद हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया था. उनके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया था. दुबई जाने की कोशिश के दौरान आव्रजन अधिकारियों ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

मालेगांव के सिराज अहमद ने कथित तौर पर दो बैंकों में 14 खाते खोले और कथित तौर पर चुनाव उद्देश्यों के लिए धन का दुरुपयोग किया। इस सिलसिले में ईडी ने पिछले हफ्ते ठाणे, वाशी, मालेगांव, नासिक, सूरत और अहमदाबाद में व्यापारियों और फर्जी कंपनियों से जुड़े 24 ठिकानों पर छापेमारी की थी. पिछले छह महीने से मालेगांव में 14 बैंक खातों में लगभग 125 करोड़ रुपये जमा किए गए हैं और यह राशि अहमदाबाद में 10 बैंक खातों में स्थानांतरित की गई है। अधिकारी ने कहा कि अहमदाबाद में 10 बैंक खातों में 200 करोड़ रुपये का लेनदेन किया गया। यह रकम बैंक खाते से निकाली गई है।

# महाराष्टः शरद पवार देंगे अघाड़ी को झटका - नारायन राणे

**मुंबई :** महाराष्ट्र की सियासत में अब तक इतने उलटफेर हो चुके हैं कि प्रदेश की किसी राजनीतिक संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। नतीजें किसके पक्ष में आएंगे ये तो कल पता चल जाएगा, लेकिन उसके बाद क्या होगा कौन किसके साथ मिलकर सरकार बनाएगा या नहीं बनाएगा ये जान पाना मुश्किल है। इस बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण के बयान ने चुनावी परिणाम से पहले खलबली मचा दी। दरअसल, पत्रकारों से बातचीत करते हुए नारायाण राणे ने कहा, ''शरद पवार भी महायुति के साथ आ सकते हैं। शरद पवार एक चतुर नेता हैं और वे किसी भी समय अपनी पार्टी के विधायकों के हित में



फैसला ले सकते हैं।'' नारायण राणे का ये बयान ऐसे समय में आया है, जब महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों में कुछ ही घंटों का समय रह गया है।

इसके अलावा उन्होंने उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे पर भी निशाना साधा, उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे के लिए सड़क पर चलना मुश्किल हो जाएगा। राणे ने पूर्व सीएम की आलोचना करते हुए कहा कि उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री रहते हुए सिर्फ दो दिन के लिए मंत्रालय गए थे।

हालांकि महागठबंधन में शामिल बीजेपी, एनसीपी अजित गुट और शिवसेना शिंदे गुट के बीच फिलहाल कोई सार्वजनिक बातचीत नहीं हुई है। हालांकि, बीजेपी के वरिष्ठ नेता और डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़णवीस ने शुक्रवार को अपने आवास सागर में अहम बैठक की. उन्होंने कहा दोपहर में नतीजे साफ होने के बाद महागठ- बंधन के दल निर्दलियों और बागियों से बातचीत शुरू करेंगे. वहीं महायुति में जाने की संभावना को लेकर शरद पवार की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# पारगांव में विवादित निर्माण पर सिडको की गाज

**पनवेलः** सिडको कॉर्पोरेशन ने नवी मुंबई पुलिस के सहयोग से गुरुवार सुबह से पनवेल तालुका के पारगांव की पहाड़ी पर सिडको कॉर्पोरेशन की अनुमति के बिना निर्माण को ध्वस्त करना शुरू कर दिया। नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा परियोजना में होने वाली गतिविधियों को इस पहाड़ी से आसानी से देखा जा सकता है, जिससे कई लोग विवादास्पद निर्माण पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।




पनवेल तालुका में पनवेल-जेएनपीटी राजमार्ग के किनारे परगांव गांव में एक ऊंची पहाड़ी पर सर्वेक्षण संख्या 90 के भूमि क्षेत्र पर सुरुवती में निर्माण की अनुमति प्राप्त किए बिना एक अनधिकृत धार्मिक स्थल का निर्माण किया गया था। इसके बाद धीरे-धीरे इस धार्मिक स्थल के निर्माण का विस्तार किया गया। इस क्षेत्र में पर्वतारोहियों ने अपना संदेह व्यक्त किया क्योंकि इस स्थान पर जाने के लिए खुला रास्ता बंद था। जब यह महसूस हुआ कि सिडको बोर्ड पहाड़ी पर विवादास्पद निर्माण पर कार्रवाई करने से आंखें मूंद रहा है, तो पहाड़ी के नीचे एक धार्मिक स्थल बनाने का काम भी शुरू कर दिया गया। सिडको के खराब प्रबंधन को लेकर मीडिया में प्रमुखता से खबरें आने के कारण नागरिक अपना गुस्सा जाहिर कर रहे थे. ग्रामीणों के बीच इसी तरह की चर्चा थी कि स्थानीय ग्रामीणों द्वारा किये गये निर्माण को तोड़ने वाला सिडको बोर्ड धार्मिक स्थलों को आश्रय क्यों दे रहा है.

अंततः सिडको बोर्ड के प्रबंध निदेशक विजय सिंघल ने सिडको के अनाधिकृत निर्माण नियंत्रण विभाग को इस अतिक्रमण को तोड़ने का निर्देश दिया. सिडको के सतर्कता अधिकारी सुरेश मेंगड़े के मार्गदर्शन में बुधवार शाम को विधानसभा चुनाव की मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद बुधवार रात को ही अतिरिक्त पुलिस तैनाती की योजना बनाई गई थी. गुरुवार सुबह से ही इलाके में पुलिस की तैनाती कर दी गयी. यह कार्रवाई तब की गई जब मतदान खत्म होने के बाद राजनीतिक दलों के प्रत्याशी और उनके कार्यकर्ता आराम कर रहे थे। सिडको ने बुधवार को ही निर्माण को खाली कराने के लिए आवश्यक सामग्री जैसे बुलडोजर और जेसीबी, मजदूरों की योजना बनाई थी। कार्रवाई सुबह सात बजे शुरू हुई। कार्रवाई सुबह साढ़े नौ से साढ़े दस बजे तक चली। धार्मिक स्थल को तोड़े जाने की खबर कुछ ही मिनटों में हवा की तरह फैलने के बाद इलाके में नागरिक जमा होने लगे. आगे की झड़पें टल गईं क्योंकि पुलिस ने नागरिकों को पहाड़ी पर जाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया।

## उल्हासनगरः तीन साल की बच्ची का शव मिला

**उल्हासनगरः** उल्हासनगर शहर में 18 नवंबर को लापता हुई तीन साल की बच्ची का शव मिला है. वह उल्हासनगर के प्रेम नगर इलाके से लापता हो गई थी. 18 नवंबर को उल्हासनगर शहर में एक तीन साल की बच्ची के लापता होने की सूचना मिली थी. लड़की उल्हासनगर के प्रेम नगर इलाके में अपने आवास के पास से लापता हो गई थी.

उल्हासनगर पुलिस सहायक सचिन गोरे ने बताया कि गुरुवार को हिललाइन पुलिस स्टेशन के पीछे कचरे के पास बच्ची का शव मिला. शव मिलने के तुरंत बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया. पुलिस ने कहा कि बच्चे की मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद पता चलेगा। इस घटना के बाद शहर में सनसनी मच गई है.

# चांदीवली सीट पर शिवसेना के दिलीप भाऊसाहेब लांडे की जीत, कांग्रेस के मो. आरिफ की हार

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की चांदीवली विधानसभा सीट पर शिवसेना के दिलीप भाऊसाहेब लांडे ने जीत हासिल की है। उन्होंने कांग्रेस के मो. आरिफ को 20 हजार 625 वोटों से हराया है। लांडे को इस चुनाव 1,24641 वोट मिले। वहीं कांग्रेस के मोहम्मद आरिफ को 1,04,016 मिले। बता दें कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 20 नवंबर को मतदान हुआ था।

मुंबई की चांदीवली सीट पर भी उसी दिन मतदान हुआ था। 2024 के चुनाव में मुंबई की यह सीट काफी सुर्खियों में रही। चांदीवली विधानसभा क्षेत्र की तो यहां से इस बार कुल 11 उम्मीदवार चुनावी अखाड़े में थे। मनसे ने महेंद्र भानुशाली को इस सीट से मैदान में उतारा था, लेकिन वो कोई करिश्मा नहीं कर पाए।

**शिवसेना दो गुटों में बंटी तो शिंदे गुट में आ गए थे लांडे**

2021 में बगावत के बाद शिवसेना दो गुटों में बंट गई। शिंदे बीजेपी के सहयोग से मुख्यमंत्री बन गए तो वहीं विधायक दिलीप भाऊसाहेब लांडे भी शिंदे गुट में शामिल हो गए। 2024 विधानसभा चुनाव में विधायक लांडे सीएम शिंदे की शिवसेना के टिकट पर बीजेपी और अजीत पवार की राकां और रामदास आठवले की आरपीआई के समर्थन से एक बार फिर मैदान में हैं।



**2019 में सिर्फ 409 वोटों से जीत थे लांडे**

2019 में इस सीट पर कुल 15 उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे। 2019 में यहां कांग्रेस और शिवसेना के अलावा मनसे, एमआईएम और वंचित बहुजन आघाडी के उम्मीदवार भी मैदान में थे ।यहां अखंड़ित शिवसेना के उम्मीदवार दिलीप भाऊसाहेब लांडे और कांग्रेस के पूर्व मंत्री एवं उत्तर भारतीय नेता खान मोहम्मद आरिफ (नसीम) के बीच कांटे की टक्कर हुई थी। इसमें लांडे सिर्फ 409 वोटों से चुनाव जीत गए थे। मनसे के सुमित बारस्कर को 7098 वोट मिले थे, तो वहीं वंचित के अबुल हसन खान को 8876 को वोट मिले थे।

# मुंबई में भी महायुति की आंधी... मुंबईकरों ने भर दी फडणवीस की झोली, शिंदे और उद्धव का मुकाबला बराबरी पर छूटा

**मुंबई :** महाराष्ट्र चुनाव में मुंबईकरों ने भी महायुति की आंधी का साथ दिया। मुंबई की 36 सीटों में से 24 पर महायुति के उम्मीदवार जीत की ओर बढ़ रहे हैं। महाविकास अघाड़ी के खाते में सिर्फ 12 सीटें आई हैं। शिंदे की शिवसेना और उद्धव सेना ने मुंबई में 8-8 सीटें जीतकर बराबरी का मुकाबला किया। बीजेपी ने 16 सीटों पर कब्जा किया जबकि कांग्रेस को सिर्फ 3 सीटें मिलीं। जीतने वालों में सना मलिक, आदित्य ठाकरे, संजय राउत के भाई सुनील राउत, बीजेपी नेता आशीष शेलार, राम कदम , मंगल प्रभात लोढ़ा और विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर रहे।

**हारने वालों में बड़े नेताओं के लाडले भी**

हारने वालों में स्वरा भास्कर के पति फहद अहमद, बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी, सदा सरवणकर, मिलिंद देवड़ा, राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे, शाइना एन सी और संगीता वाजे प्रमुख हैं। बीजेपी और महायुति की आंधी में अणुशक्ति नगर से अजित पवार की कैंडिडेट सना मलिक ने जीत हासिल की है। माहिम सीट से राज ठाकरे के बेटे



अमित ठाकरे को पहले चुनाव में हार का मुंह देखना पड़ा। वह तीसरे स्थान पर रहे। महिम सीट से शिंदे सेना का सदा सरवणकर दूसरे स्थान पर रहे। जीत यूबीटी नेता महेश सावंत को मिली। वर्ली से उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे जीतने में सफल रहे, मगर उनके जीत का अंतर 70 हजार के कम होकर करीब 9 हजार हो गया।

**फहद और सना मलिक में कड़ा मुकाबला हुआ**

दोपहर एक बजे तक मुंबई में भी महायुति ने बढ़त बना रखी है। अणुशक्ति नगर में एनसीपी कैंडिडेट सना मलिक और एनसीपी एसपी के फहद अहमद के बीच भी कड़ा मुकाबला है। 18 राउंड के बाद सना मलिक 1554 वोटों से आगे चल रही हैं। इस सीट पर दो राउंड की गिनती बाकी है। घाटकोपर ईस्ट से बीजेपी के पराग शाह ने 34999 वोटों से निर्णायक बढ़त बना ली है। अभी चुनाव आयोग ने जीत का ऐलान नहीं किया है। घाटकोपर वेस्ट से बीजेपी नेता राम कदम अपने प्रतिद्वंद्वी यूबीटी के संजय दत्तात्रेय से सिर्फ 2938 वोटों से आगे हैं। इस सीट पर अभी 11 राउंड की गिनती होनी है। गोरेगांव से बीजेपी की विद्या ठाकुर 9 राउंड की गिनती के बाद 34898 वोटों से आगे चल रही हैं। कांदिवली ईस्ट से बीजेपी के अतुल भतखालकर ने 17 राउंड के बाद 74414 वोटों की बढ़त बना रखी है। उनकी जीत तय मानी जा रही है।

## महाराष्ट्र महायुति नेता मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार पर फैसला करेंगे : शिंदे



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को लगभग सभी विधानसभा क्षेत्रों के रुझानों में सत्तारूढ़ महायुति को आसान बहुमत मिलने के संकेत मिलने के बाद कहा कि राज्य के अगले मुख्यमंत्री के बारे में फैसला करने के लिए सभी तीन घटक दलों के नेता एक साथ बैठेंगे।

शिंदे ने यहां मीडिया से कहा कि महायुति चुनाव में 217 से अधिक विधानसभा सीटें जीतकर जीत की ओर बढ़ रही है, जिससे उन्हें अगली सरकार बनाने के लिए स्पष्ट बहुमत मिलेगा। उन्होंने कहा, ''सभी परिणामों की घोषणा के बाद, हम एक साथ बैठेंगे और अगला निर्णय लेंगे।'' भाजपा के सूत्रों ने कहा कि महायुति का शपथ ग्रहण समारोह मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में होगा।

## चोरों ने बैंक मैनेजर के घर में सेंध लगाई...

**नवी मुंबई:** वोट देने अपने गृहनगर गये एक बैंक मैनेजर के बंद घर में अज्ञात चोरों ने सेंध लगा दी और उनके घर से 1 लाख 15 हजार रुपये के आभूषण चुरा लिये. इस मामले में कोपरखैरणे पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है. ऑप सोसायटी में रहने वाले साहिल मुंडे (29) ठाणे के एक बैंक में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। बुधवार (20 तारीख) को विधानसभा चुनाव होने के कारण मुंडे मंगलवार सुबह हमेशा की तरह काम पर गए। इसके बाद वह वहां से अपने पैतृक गांव मनगांव में वोट डालने



के लिए रवाना हो गये. इसलिए उनकी पत्नी भी मंगलवार शाम को वाशी स्थित अपने घर चली गईं। इस दौरान मुंडे का घर बंद होने का फायदा उठाकर चोर दरवाजा तोड़कर घर में घुस गये. इसके बाद उसके घर की अलमारी से 35 ग्राम वजनी मंगलसूत्र और 1 लाख 15 हजार रुपए कीमत के कान के टॉप्स चुरा ले गए। मतदान के बाद मुंडे बुधवार रात दस बजे अपने गांव से कोपरखैरणे रेलवे स्टेशन आए और अपनी पत्नी को वहां बुलाया. इसके बाद दोनों पति-पत्नी अपने घर गए तो देखा कि उनके घर के दरवाजे और खिड़कियां टूटी हुई हैं और घर से सोने के गहने चोरी हो गए हैं. इसके बाद उन्होंने कोपरखैरणे पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई.

# मानखुर्द शिवाजी नगर विधानसभा सीट से अबू आजमी की जीत, नवाब मलिक की करारी हार...

**मुंबई:** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू हुई थी। अब कई सीटों के परिणाम आने शुरू हो गए है। 5 बजे तक 90 से अधिक विधानसभा सीटों के नतीजें आ चुके हैं। जिसमें सबसे ज्यादा 36 सीटों पर भाजपा ने अब तक जीत दर्ज की है। वहीं शिवसेना ने 18 तो एनसीपी ने 19 सीटों पर जीत दर्ज की है। महाराष्ट्र की हॉट सीटों में से एक मानखुर्द शिवाजी नगर विधानसभा सीट का परिणाम भी आ चुका है।

विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी का प्रदर्शन इस चुनाव में खराब रहा। एमवीए में शामिल समाजवादी पार्टी ने एक सीट से जीत दर्ज की और एक सीट पर आगे चल रही है। मानखुर्द शिवाजी नगर विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी ने जीत दर्ज की है। उन्होंने एआईएमआईएम के अतीक अहमद खान को 12753 वोटों से हराया है। मानखुर्द शिवाजी नगर सीट से जीत के बाद सपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाना शुरू कर दिया है। सपा नेता अबू आजमी ने विजय जुलूस निकाला और क्षेत्र की जनता को धन्यवाद दिया। इस दौरान उन्होंने एनसीपी



नेता नवाब मलिक पर जमकर निशाना साधा है।

**जीत के बाद क्या बोले अबू आजमी?**

मानखुर्द शिवाजी नगर विधानसभा क्षेत्र से जीत के बाद सपा नेता अबू आजमी ने कहा कि ''मैं बहुत खुश हूं और जीत 35,000 वोटों के अंतर से होती, लेकिन वोट काटने के लिए बहुत सारी अफवाहें और बातें फैलाई गईं कि इलाके में बहुत ज्यादा ड्रग्स और अपराध है। लोगों ने एनसीपी नेता नवाब मलिक को नकार दिया। मैं जनता को मुझ पर भरोसा जताने के लिए धन्यवाद देता हूं।''

**भाजपा ने किया था विरोध**

मानखुर्द शिवाजी नगर विधानसभा सीट को हॉट सीट माना जा रहा था। इस सीट से एनसीपी के कद्दावर नेता नवाब मलिक चुनावी मैदान में थे। भाजपा के विरोध के बावजूद एनसीपी ने मलिक को टिकट दिया। लेकिन मानखुर्द शिवाजी नगर की जनता ने नवाब मलिक का नकार दिया।

**नवाब मलिक की बड़ी हार**

इस चुनाव में नवाब मलिक चौथे स्थान पर रहे। उन्हें केवल 15501 वोट मिले। जबकि जीतने वाले प्रत्याशा अबू आजमी को 54780 वोट मिले। नवाब मलिक की यह बहुत बड़ी हार मानी जा रही है। नवाब मलिक अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की टिकट पर चुनावी मैदान में थे।

## सदमे से लड़की की मौत हो गई...

**नेरुल :** नेरुल के एक होटल में अपने भाई-बहनों के साथ आइसक्रीम खरीदने गई छह साल की बच्ची की सदमे से मौत हो गई। नेरल-खंडा के दिव्य दीप नाका पर होटल के बाहर एक शर्बत का ठेला है और उसे बिजली का कनेक्शन दिया गया है। होटल. राइमिन खान (उम्र 6 वर्ष) ने ठेले को छू लिया और सदमे के कारण वहीं गिर गया। स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके शव का पोस्टमॉर्टम नेरुल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। इसके बाद शव को माता-पिता को सौंप दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी शिवाजी धावले मौके पर पहुंचे.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com